Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006

Participants : Masood Shri Rasheed

an>

Title: Need for four laning of Delhi-Shamli-Saharanpur highway.

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) :महोदय, दिल्ली-शामली-सहारनपुर मार्ग यमनौत्री को जोड़ता है। यह मार्ग सहारनपुर से होकर बादशाही बाग पहुंच जाता है। बादशाही बाग से हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं उत्तरांचल प्रदेश के लिए सड़क जाती है। हिन्दुओं का पवित्र स्थान यमनौत्री है तथा सिक्खों के पवित्र स्थान पॉवटा साहिब के लिए भी बादशाही बाग से ही सड़क जाती है। दिल्ली-शामली-सहारनपुर मार्ग की सड़क खराब रहती है।

दिल्ली-शामली-सहारनपुर मार्ग पर ज्यादा भीड़ रहती है जिसकी वजह से इस क्षेत्र की जनता को परेशानी उठानी पड़ती है। इस मार्ग से हरियाणा, हिमाचल, उत्तरांचल एवं पंजाब को जाने वाले वाहन होकर गुजरते हैं। इस मार्ग पर चार लेने के मार्ग की आवश्यकता है जिससे इस क्षेत्र की जनता को परेशानी से मुक्ति मिल सके।